# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर  में धूमधाम से मनाई सुमित्रानंदन पंत की 125वीं जयंती

पन्तनगर। 22 मई 2025। विष्वविद्यालय में सुमित्रानंदन पंत जी की 125वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। हिंदी साहित्य में छायावाद के स्तम्भ पंत जी को साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी नवाजा गया है। विष्वविद्यालय की साहित्यिक सोसाइटी ने इनकी जयंती पर आयोजित द्विभाषी स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्पेल बी प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषा की समझ, वर्तनी ज्ञान तथा शुद्ध उच्चारण को प्रोत्साहित करना था, जिसमें अंग्रेज़ी वर्ग में प्रथम स्थान नमन तिवारी, द्वितीय स्थान श्रेया बराल और हिंदी वर्ग में प्रथम स्थान अक्षत गुप्ता, द्वितीय स्थान विवेक जडली ने प्राप्त किया। पुरस्कार समारोह कार्यक्रम का आयोजन सोसाइटी के स्टाफ काउंसलर डा. अमित केसरवानी की अगुआई में प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम में सोसाइटी के छात्र सदस्य, राष्ट्रीय स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता के पंतनगर विजेता और मुख्य अतिथि अधिष्ठाता, कृषि डा. सुभाष चंद्र और कार्यक्रम संयोजक अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना के समक्ष सुमित्रानंदन जी का जीवन परिचय प्रस्तुत किया गया। साथ ही सोसाइटी की पिछले तीन महीनों की उपलब्धियों पर रिपोर्ट पेश की गई, जिसकी बेहद सराहना की गई। छात्रों ने अपने विचार प्रस्तुत किये और साहित्यिक सोसाइटी की आयोजन समिति का अभार प्रकट किया। इस अवसर पर सोसाइटी ने डा. रंजन श्रीवास्तव, प्रोफेसर और नुज़हत खान जो जानी मानी लेखिका का भी विशेष आभार प्रकट किया।